# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने की घटना में दस नवजात शिशुओं की मौत के मामले का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, घटना की जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने गठित की चार सदस्यीय समिति।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर दो हजार चौबीस में किया यूपी पवेलियन का उद्घाटन, कहा–ओडीओपी को वैश्विक मंचों पर प्रोत्साहित कर रही है प्रदेश सरकार
- विधानसभा की नौ सीटों के उपचुनाव के लिए प्रचार कार्य तेज, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई विधानसभाओं में किया चुनाव प्रचार
- प्रयागराज महाकुंभ दो हजार पच्चीस के लिए साधु संतों और अखाड़ों के बीच शुरू होने जा रहा है भूमि आवंटन का कार्य।

**********

झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार की रात आग लगने की घटना की जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। कॉलेज के विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में हुए इस हादसे में दस नवजात शिशुओं की मौत हो गई, जबकि सोलह नवजात घायल हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पत्र जारी कर तीन बिंदुओं पर समिति को जांच करने का निर्देश दिया है। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण इस समिति के अध्यक्ष हैं, जबकि तीन अन्य वरिष्ठ अधकारी इस को समिति के सदस्य हैं।

इस बीच, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। आयोग ने मीडिया रिपोर्ट का स्वत संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जानकारी मांगी है।

उधर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य नेताओं ने कल इस हादसे पर गहरा दुख जताया। पेश है एक रिपोर्ट–

***राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य नेताओं ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजनों के लिए 5 लाख रूपये और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रूपये की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मृतक बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। ओम अवस्थी आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज जिले के फूलपुर विधानसभा उपचुनाव के कसेरूआ खुर्द में आयोजित जनसभा के दौरान इस दुर्घटना पर पुनः शोक जताया। वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कल घटना स्थल का दौरा किया और कहा कि घटना की त्रिस्तरीय जांच होगी।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर दो हजार चौबीस के तहत यूपी दिवस पर कल यूपी पवेलियन का उद्घाटन किया। नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इस ट्रेड फेयर में पार्टनर स्टेट के रूप में भाग ले रहा है। छानबे लाख सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के माध्यम से आज उत्तर प्रदेश देश के एमएसएमई सेक्टर का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से वर्ष दो हजार अठारह से एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी को वैश्विक मंचों पर प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के अम्बेडकर भवन में आयोजित रैबार छह–ब्रांड उत्तराखंड कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल पर आधारित पुस्तक योगी रामराज्य और हिल मेल का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पलायन के कारण उत्तराखंड की आबादी कम हो रही है। इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकतंत्र के संरक्षण में मीडिया की भूमिका पर बल दिया। श्री वैष्णव ने फर्जी खबरों से निपटने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए डिजिटल मीडिया की जवाबदेही का आह्वान किया है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कल नई दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म को ऐसे समाधान खोजने चाहिए जो उनके कंटेंट से समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हों।सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा कि फेक न्यूज आज एक बड़ी चिंता का विषय है।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में कल आयोजित एक कार्यक्रम में डॉ. अश्विन फर्नांडीस द्वारा लिखित पुस्तक "मोडियालॉग" का विमोचन किया। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के 100 एपिसोड पर आधारित है। इस अवसर पर राज्यपाल ने क्यू0एस0 एशिया रैंकिंग में स्थान प्राप्त करने वाले उत्तर प्रदेश के 18 विश्वविद्यालयों को सम्मानित भी किया।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के प्रचार के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल फूलपुर, सीसामऊ, खैर और गाजियाबाद सीटों के लिए भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर लोगों को बांटने का आरोप लगाया। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मंझवा विधानसभा के शाहपुर चौसा में सभा कर भाजपा प्रत्याशी के लिये वोट मांगे। उधर, समाजवादी पार्टी के सांसद और सपा के मझवा विधानसभा के प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने कल मिर्ज़ापुर मे एक प्रेस कांफ्रेंस की और चुनाव आयोग से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की।

**********

प्रदेश सरकार ने विद्यालय प्रबंध समितियों–एसएमसी के पुनर्गठन की प्रक्रिया तेज कर दी है। शैक्षिक सत्र दो हजार बाईस तेईस के लिए गठित एसएमसी का कार्यकाल तीस नवम्बर को समाप्त हो जाएगा। नई समितियां इससे पहले गठित कर ली जाएंगी और एक दिसंबर से कार्यशील हो जाएंगी।

**********

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ दो हजार पच्चीस के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण, साधु–संतों और अखाड़ों के लिए भूमि आवंटन का कार्य प्रारंभ करने जा रहा है। अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि किसी भी अखाड़े को पिछले कुंभ की तुलना में कम भूमि नहीं मिलेगी। पेश है एक रिपोर्ट–

***महाकुंभ–2025 में साधु–संतों और अखाड़ों के बीच भूमि आवंटन के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अधिकारी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद तथा अन्य सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों से अलग–अलग वार्ता कर उनकी सहमति से भूमि आवंटन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रहे हैं। अपर मेला अधिकारी ने भूमि आवंटन के बारे में बताते हुए कहा कि परंपरा अनुसार अखाड़ों को भूमि आवंटन के बाद ही अन्य संस्थाओं को भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी। चारों पीठों के शंकराचार्यों और दण्डी स्वामियों को भी परंपरा अनुसार उनके शिविर लगाने की भूमि आवंटित की जाएगी। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

सभी अखाड़ों की सहमति से भूमि आवंटन का काम उन्नीस नवम्बर तक पूरा करने का लक्ष्य है।

**********

गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालयीय खेलकूद प्रतियागिता ''कुश्ती महाकुंभ'' का कल शुभारम्भ किया। उद्घाटन के बाद कुश्ती प्रतिस्पर्धा शुरू हो गयी है। यह बीस नवम्बर तक चलेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की है कि खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से अधिकारी का पद भी प्राप्त कर सकते हैं।

**********

रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम दूसरी पारी में कल चार सौ छियालिस रन का स्कोर खड़ा करने के बावजूद मैच नहीं जीत सकी। टीम का कर्नाटक से रणजी मुकाबला कल ड्रॉ हो गया।

**********

प्रदेश के बिजनौर जिले में कल सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह सदस्यों सकमि सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गये। यह हादसा देहरादून नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग पर धामपुर इलाके में हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ने एक तिपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी जिससे चालक के साथ ही तिपहिया वाहन में बैठे सभी सात लोगों की मौत हो गई। बिजनौर पुलिस के अनुसार एक परिवार के छह सदस्य मुरादाबाद से तिपहिया वाहन में अपने गृह नगर तिबारी वापस आ रहे थे तभी कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी।

**********

प्रदेश में सुबह शाम ठंड और कोहरे का असर दिखने लगा है। इस बीच, मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों के दौरान रात और सुबह के समय घना से लेकर बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

**********